दिन– शुक्रवार दिनांक– 05/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नव गठित बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय सत्र आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित। विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का हुआ निर्वाचन।

02. सत्र के अंतिम दिन विधानमंडल ने इक्यानवे हजार सात सौ सत्रह करोड़ रूपये से अधिक के द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक को पारित किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन नये विभागों – युवा, रोजगार और कौशल विकास, उच्च शिक्षा तथा नागर विमानन विभाग सृजित करने की घोषणा की।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी। सात दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

नव गठित बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय सत्र आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। सत्र के दौरान दो सौ इकतालीस नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गयी। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ। सत्र के अंतिम दिन आज विधानसभा ने इक्यानवे हजार सात सौ सत्रह करोड़ रूपये से अधिक के द्वितीय अनुपूरक बजट तथा विनियोग विधेयक को पारित कर दिया। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के बजट के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा हुई। चर्चा का जवाब देते हुये ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर विपक्षी दलों ने लोगों को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

———बाईट———

इससे पहले कटौती प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुये राजद विधायक आलोक मेहता ने अनुपूरक बजट में बढ़ी राशि की आलोचना की।

———बाईट———

कांग्रेस के मनोहर प्रसाद सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है।

———बाईट———

एआईएमआईएम के अख्तरूल इमान ने चर्चा में भाग लेते हुये कहा कि अफसरशाही के कारण जनप्रतिनिधि अपमानित हो रहे हैं।

———बाईट———

सीपीएम के अजय कुमार ने कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुये कहा कि विभाग के तहत जो स्वच्छताग्रही काम कर रहे हैं, उनका मानदेय बढ़ाने की आवश्यकता है।

———बाईट———

वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने विपक्षी दलों द्वारा अनुपूरक बजट पर सवाल उठाने को खारिज करते हुये कहा कि यह संवैधानिक व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन के कारण बजट आकार तीन लाख करोड़ रूपये को पार कर गया है।

———बाईट———

वित्त मंत्री के भाषण के बाद विनियोग विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। इसके बाद विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले अपने समापन भाषण में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सदन के संचालन में सहयोग के लिए सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

———बाईट———

इधर, विधान परिषद में आज द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने जवाब दिया। विपक्ष ने इस दौरान कार्यवाही का बहिष्कार किया। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह के समापन भाषण के बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गयी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकार ने तीन नये विभाग– युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग तथा नागर विमानन विभाग सृजित करने का फैसला किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विभागों का सृजन होने से युवाओं को नौकरी और रोजगार दिलाने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही नागर विमानन विभाग के गठन से उड्डयन क्षेत्र के विकास में भी तेजी आयेगी। श्री कुमार ने कहा कि कि सरकार ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम निदेशालय और बिहार विपणन प्रोत्साहन निगम सृजित करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि निदेशालय के तहत युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रत्येक जिले में मेगा स्किल सेंटर की स्थापना की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए लागातार काम कर रही है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन ने बधाई दी है। संस्था ने मुख्यमंत्री को भेजे एक पत्र में

कहा है कि यह भारत के लिए गर्व की बात है। स्वतंत्रता के बाद से अब तक भारत में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी नेता ने दस बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। संस्था ने इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में शून्य दशमलव दो–पांच प्रतिशत कटौती की घोषणा की है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कटौती कर इसे पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत करने का फैसला किया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

———बाईट———

उभरती हुई व्यापक आर्थिक स्थितियों और संभावनाओं के विस्तृत आकलन के बाद एमपीसी ने सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंकों की कटौती करके पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।

रेपो दर में कटौती से होम लोन और अन्य लोन की ईएमआई कम होने की संभावना है, जिससे लोगों पर वित्तीय बोझ कम होगा। साथ ही इस कटौती से आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार सिगरेट और पान मसाला समेत अन्य तम्बाकू उत्पादों पर अतिरिक्त कर लगायेगी। लोकसभा में आज इस संबंध में स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्र सुरक्षा सेस बिल पारित कर दिया। इस बिल के तहत प्रावधान किया गया है कि तम्बाकू उत्पादों पर लगने वाले अतिरिक्त कर से प्राप्त राजस्व का उपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा और विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं में किया जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने विधेयक पर चर्चा में भाग लेते हुये कहा कि चालीस प्रतिशत जीएसटी के अलावा पान मसाला इकाईयों पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जायेगा।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि किसानों का कल्याण उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। श्री चौहान ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन–यूपीए सरकार ने स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया था।

———बाईट———

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसके प्राण और किसानों का कल्याण मोदी सरकार का सर्वोच्च संकल्प है और माननीय सभापति महोदय एमएसपी लागत पर कम से कम 50ः मुनाफा देकर घोषित की जाए यह स्वामीनाथन कमेटी ने सिफारिश की थी और तब जब यूपीए की सरकार थी और उन्होंने गारंटी नहीं दी मैं गर्व

के साथ कहता हूं ये नरेंद्र मोदी सरकार है जिसने 19 में यह तय किया कि लागत पर 50ः मुनाफा देकर एमएसपी तय की जाएगी।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने धान खरीद में तेजी लाने और किसानों को तत्काल भुगतान सुनिश्चत करने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने आज पटना में चालू खरीफ विपणन वर्ष के लिए धान खरीद की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। राज्य में धान खरीद की प्रक्रिया एक नवम्बर से शुरू हुई है। सरकारी क्रय केन्द्रों पर अट्ठाईस फरवरी तक धान की खरीद की जायेगी। इस बार ए–ग्रेड धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार तीन सौ नवासी रूपये और सामान्य ग्रेड धान का दो हजार तीन सौ उनहत्तर रूपये प्रति क्विंटल रखा गया है।

———————————————————————

आज विश्व मृदा दिवस है। इस अवसर पर पटना में कृषि विभाग की ओर से बामेती सभागार में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया। उन्होंने किसानों से मिट्टी की स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कम से कम रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की। जिला मुख्यालयों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी। सात दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———————————————————————

पटना हवाई अड्डे के पास से पुलिस ने दो फर्जी सीबीआई अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी आईडी कार्ड बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो वाहनों से पांच सौ छियानवे लीटर शराब जब्त की है।

———————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के कन्हेली मध्य विद्यालय की शिक्षिका शिवानी कुमारी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रंजीत वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. नव गठित बिहार विधानसभा का पांच दिवसीय सत्र आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित। विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का हुआ निर्वाचन।

02. सत्र के अंतिम दिन विधानमंडल ने इक्यानवे हजार सात सौ सत्रह करोड़ रूपये से अधिक के द्वितीय अनुपूरक बजट और विनियोग विधेयक को पारित किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तीन नये विभागों – युवा, रोजगार और कौशल विकास, उच्च शिक्षा तथा नागर विमानन विभाग सृजित करने की घोषणा की।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी। सात दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।